भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1238
उत्तर देने की तारीख : 11.02.2025

## दिव्यांगजनों के लिए रोजगार

1238. श्री मितेश पटेल (बकाभाई):
श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सीआरसी मदुरै में चलाए जा रहे कौशल विकास कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और उक्त कार्यक्रमों को किस प्रकार से दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के अवसरों के साथ जोड़ने की संभावना है; और

(ख) क्या सरकार प्रशिक्षित दिव्यांगजनों के लिए नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए उद्योगों या संगठनों के साथ सहयोग करने का प्रस्ताव रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी), मदुरै निम्नलिखित कौशल विकास कार्यक्रम संचालित कर रहा है:-
(i) पौधों की देखभाल करने वाला सहायक (माली) – दिव्यांगजन।
(ii) दिव्यांगजनों के लिए रोजगार कौशल।

ये कार्यक्रम दिव्यांगजनों को अपेक्षित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं।

(ख): राष्ट्रीय संस्थान और समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) कुशल दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने के लिए उद्योगों और संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। इसके अतिरिक्त, विभाग ने पीएम-दक्ष पोर्टल बनाया है, जहां दिव्यांगजन रोजगार पाने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जबकि उद्योग भागीदार रोजगार के अवसरों को सूचीबद्ध कर सकते हैं ।

*****